# <u>जनपद स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव 2025</u>

आज दिनांक 13 नवम्बर 2025 डायट, ऊधम सिंह नगर में जनपद स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एस०सी०ई०आर०टी० देहरादून के निर्देशन में प्रतिनिधि श्रीमती कामाक्षा मिश्रा, डायट ऊधम सिंह नगर की प्राचार्या एवं नोडल अधिकारी डॉ० अजन्ता बिष्ट एवं कार्यक्रम के जनपद स्तरीय समन्वयक/संचालक श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी विद्यालय स्तर से तदोपरांत संकुल स्तर से उसके बाद विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये। जनपद के सभी सात(07) विकासखण्डों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसमें कुल तीन क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। **मॉडल प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता।**

**मॉडल प्रतियोगिता** में जनपद स्तर पर **प्रथम स्थान कु० प्रिया राय**, जी०पी०एस० शिवपुर, गदरपुर ने प्राप्त किया। मॉडल का शीर्षक सांची का स्तूप, द्वितीय स्थान कु० स्वाति, जी०यू०पी०एस० भदईपुरा, विकासखण्ड रुद्रपुर ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान मिसवा, जी०यू०पी०एस० थारु बघौरी, सितारगंज ने प्राप्त किया।

**सामान्य ज्ञान क्विज** में जनपद स्तर पर पर **प्रथम स्थान कु० वंशिका**, रा०उ०वि० मानपुर, काशीपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रौनक मण्डल, रा०उ०प्रा०वि० शिवपुर गदरपुर ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान कु० नीतू राठौर, रा०उ०प्रा०वि० खेड़ा, रुद्रपुर ने प्राप्त किया।

**भाषण प्रतियोगिता** में जनपद स्तर पर पर **प्रथम स्थान कु० प्रिया सिंह**, रा०उ०प्रा० वि० शिवपुर, गदरपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विराट अग्रवाल, रा०क०उ०मा०वि० कासमपुर, जसपुर ने प्राप्त किया तथा संयुक्त रुप से तृतीय स्थान कु० विदिशा, रा०उ०प्रा०वि० बगुलिया, खटीमा एवं कु० आंचल, रा०उ०प्रा०वि० खेड़ा, रुद्रपुर ने प्राप्त किया।

सम्बन्धित प्रतियोगिता एस०सी०ई०आर०टी०, देहरादून के निर्देशन में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार/मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में एस०सी०ई०आर०टी० देहरादून के प्रतिनिधि श्रीमती कामाक्षा मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी, श्री के०एस०रावत के निर्देशन में नोडल अधिकारी, डॉ० अजन्ता बिष्ट, जनपद समन्वयक, श्री अनिल कुमार सिंह एवं निर्णायक मण्डली, डॉ० गीता किरन, श्री आलोक मिश्रा, भूपाल सिंह नेगी, श्रीमती चेतना मिश्रा, श्रीमती सीमा त्रिवेदी, श्री मनोज कुमार जोशी, श्री मुकुल कुमार पाल, श्रीमती प्रियंका कोश्यारी, श्री दिनेश सिंह बिष्ट, डॉ० मनोज कुमार चौहान, श्रीमती अनीता पुजारा आदि उपस्थित रहे।

उपरोक्त कार्यक्रम में डायट ऊधम सिंह नगर के द्वितीय सेमेस्टर के डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं द्वारा बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया गया।


जनपद स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव
प्रतिभागी कक्षा - 06 से
आयोजन तिथि :- 13-11-
आयोजक स्थल :-
प्रायोजक - राज्य






महोत्सव 2025-2026
से 08 तक
-11-2025
एवं प्रशिक्षण संस्थान
(रुद्रपुर)